>

Title: Need to punish the people involved in the Business of adulterated milk products.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): अध्यक्ष महोदया, देश में नकली घी, नकली दूध आदि का कारोबार फैलता जा रहा है। **...**(व्यवधान) नकली घी, नकली दूध खाने पीने के कारण बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। **...**(व्यवधान) नकली घी एवं नकली दूध के निर्माण करने वालों एवं कारोबारियों के खिलाफ ठोस कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। **...**(व्यवधान)

दिनांक 21.2.10 को इलैक्ट्रानिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। **...**(व्यवधान)

जालौन में 270 टिन नकली घी जब्त किया गया है। **...**(व्यवधान) कानपुर में पांच क्विंटल खोया जब्त किया गया है। **...**(व्यवधान) जींद में 500 लिटर नकली दूध जब्त किया गया है। **...**(व्यवधान) इस तरह पूरे देश में नकली घी, नकली दूध और नकली कारोबार करने वाले कारोबारियों का जाल फैल गया है। **...**(व्यवधान)

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान एवं अन्य राज्यों में **...**(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : केवल जयवंत गंगाराम आवले जी की ही बात रिकार्ड में जायेगी।

...(व्यवधान) *

श्री जयवंत गंगाराम आवले : इस तरह के कारोबार करने वाले पकड़े गये हैं। **...**(व्यवधान) काफी मात्रा में यह जब्त किया गया है, जो चिंता का विषय है। **...**(व्यवधान)

मेरी सरकार से मांग है कि देश में नकली घी, नकली दूध के निर्माण का कारोबार रोका जाये एवं इस धंधे में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाये। **...**(व्यवधान)